Students of HMV Shine in Video Making Competition Organised under Unnat Bharat Abhiyan

एच.एम.वी. की छात्राओं ने उन्नत भारत अभियान के तहत वीडियो मेकिंग प्रतियोगिता में जीता पुरस्कार

जालंधर, 7 नवंबर (कुश): हंसराज महिला महाविद्यालय की छात्राओं कु. जोतसिफ्त कौर व कु. सोनमदीप कौर ने उन्नत भारत अभियान के अन्तर्गत एन.आई.टी.टी.आर. चंडीगढ़ द्वारा आयोजित रीजनल स्तर वीडियो मेकिंग प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। छात्राओं द्वारा बनाई गई वीडियो को शहरी/ग्रामीण लोगों में वैक्सीनेशन, कोरोना रोकथाम व बचाव के प्रति जागरूक करने के लिए प्रयोग किया जाएगा। छात्राओं ने अगले राऊंड के लिए क्वालीफाई करते हुए नेशनल लैवल अवार्ड प्रतियोगिता में जगह बनाई है। प्राचार्या प्रो. डॉ. अजय सरीन ने छात्राओं को बधाई दी तथा उन्नत भारत टीम सदस्यों डॉ. मीनाक्षी दुग्गल मेहता, डॉ. अंजना भाटिया, सुशील कुमार, उर्वशी, शिफाली कश्यप के प्रयासों की सराहना की।

वीडियो मेकिंग प्रतियोगिता में पुरस्कार जीतने वाली छात्राओं को बधाई देते हुए प्राचार्या प्रो. डॉ. अजय सरीन। (संदीप)